राजधानी
वर्ष 11 | अंक 71 | पृष्ठ : 16+8=24
मूल्य : तीन रुपये
7 राज्य • 1 केंद्रशासित प्रदेश • 20 संस्करण

# अमर उजाला

लखनऊ
बृहस्पतिवार, 6 सितंबर 2018



# गुरु के प्रति समर्पण से ही मिलती है सफलता

**लखनऊ।** प्रदेश के न्याय एवं कानून मंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि गुरु के प्रति समर्पण से ही सफलता मिलेगी। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने गुरु के प्रति सम्मान और समर्पण रखें। जो रास्ता दिखाएं, उस पर चलें तो उन्हें सफलता जरूरी मिलेगी।

डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) द्वारा आईईटी सभागार में आयोजित शिक्षक दिवस समारोह में उन्होंने कहा कि आज इंजीनियरिंग के छात्र पूरी दुनिया में परचम लहरा रहे हैं। आने वाला समय उनका है। उन्होंने अपने लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र जीवन का जिक्र किया। विशिष्ट अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि यदि हमें विश्व गुरु के रूप में स्थापित होना है तो अपनी संस्कृति और परंपराओं पर विश्वास करना होगा। विशिष्ट अतिथि झारखंड प्रौद्योगिकी विवि के कुलपति प्रो. गोपाल पाठक ने युवाओं से कहा कि चाहे जिस क्षेत्र में जाएं अपने मां-पिता व शिक्षक का सम्मान जरूर करें। शिक्षकों को उन्होंने स्वाध्याय करने और सीखना न भूलने की सलाह दी। इससे पहले सेवानिवृत्त शिक्षकों व युवा शिक्षकों को सम्मानित किया गया। सम्मानित शिक्षकों ने तकनीकी शिक्षा के सामने चुनौतियां विषय पर अपनी राय रखी और सुझाव भी दिए। एकेटीयू कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक, रजिस्ट्रार नंदलाल, सचिव प्राविधिक शिक्षा भुवनेश कुमार भी मौजूद रहे। कार्यक्रम से पहले अतिथियों ने कलाम इनोवेशन गैलरी का उद्घाटन किया। इसमें 9 प्रोटोटाइप मॉडल प्रदर्शित किए गए।



आईईटी सभागार में शिक्षकों को सम्मानित करते मंत्री बृजेश पाठक। - अमर उजाला

## इनका हुआ सम्मान

- प्रो. जय प्रकाश, एमएनआईटी इलाहाबाद
- प्रो. भरत राज सिंह, एसएमएस लखनऊ
- प्रो. आरपी महेश्वरी, आरकेजीआईटी गाजियाबाद
- प्रो. एलएन पालीवाल, एमएनआईटी इलाहाबाद
- प्रो. ओपी सिंघल, जीबी पंत विवि, पंतनगर

## युवा शिक्षक सम्मान

■ डॉ. योगेश कुमार मिश्रा, केएनआईटी सुल्तानपुर ■ डॉ. ऋतु गुलाटी, आर्किटेक्चर फेकेल्टी लखनऊ ■ डॉ. विमल किशोर, बीआईईटी झांसी ■ डॉ. प्रगति शुक्ला, आईईटी